दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-305
मुरादाबाद
26 February 2024
(Monday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## संक्षिप्त समाचार




### सोनम सिद्दीकी ने लक्ष्मी बनकर विष्णु से रचाया विवाह, बोली- रामलला के दर्शन करने जाऊंगी अयोध्या

उत्तर प्रदेश के बरेली में सोनम सिद्दीकी नाम की युवती ने प्यार की खातिर मजहब की दीवार तोड़कर मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली। इसके बाद दोनों ने वीडियो जारी कर अपनी जान का खतरा बताया। बरेली के देवरनिया क्षेत्र में गांव गिरधरपुर निवासी सोनम ने अपने प्रेमी विष्णु मौर्य से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कर लिया। इससे पहले सोनम ने धर्म परिवर्तन कर अपना नाम लक्ष्मी रख लिया। इसके बाद गांव निवासी विष्णु मौर्य के साथ मंदिर में सात फेरे लिए। सोनम का कहना है कि तीन तलाक और हलाला के डर से उसने सनातन धर्म अपना लिया है। उसने एक वीडियो जारी कर परिवार से अपनी जान को खतरा भी जताया है। सोनम उर्फ लक्ष्मी और विष्णु की शादी के फोटो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। दोनों का कहना है कि वह जल्दी ही अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। विष्णु मौर्य ने बताया कि वह कीटनाशक दवा की दुकान चलाते हैं। उनकी मुलाकात करीब 12 साल पहले सोनम सिद्दीकी से हुई थी। उस वक्त सोनम नाबालिग थी। दोनों में पहले दोस्ती थी, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया पर दोनों की बातचीत होती रही। विवाह -सोनम के बालिग होने पर विष्णु ने उससे शादी करने की इच्छी जताई।

## प्रधानमंत्री ने समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के किए दर्शन, बोले- ये डुबकी नहीं बल्कि समय यात्रा





पीएम मोदी ने कहा आज जो मैंने अनुभव किया, वो हमेशा मेरे साथ रहेगा। मैं समुद्र के भीतर गया और प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन किए। समुद्र के भीतर मैंने दिव्यता का अनुभव किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। अपने दौरे के तहत प्रधानमंत्री ने द्वारकाधीश मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका नगरी के भी दर्शन किए। द्वारका नगरी के दर्शन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि ये सिर्फ समुद्र में एक डुबकी नहीं थी बल्कि समय यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना आलौकिक अनुभव रहा। मुझे आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ।

भगवान श्रीकृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें। पीएम मोदी ने द्वारका नगरी को अर्पित किए मोर पंख- प्रधानमंत्री ने कहा द्वारका नगरी के दर्शन से भारत की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक जड़ों का दुर्लभ और गहरा संबंध अनुभव हुआ। द्वारका नगरी भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई है और कभी भव्यता और समृद्धि का केंद्र थी। प्रधानमंत्री ने कहा यह सिर्फ पानी में एक डुबकी ही नहीं थी बल्कि समय यात्रा थी, जो नगरी के गौरवशाली अतीत और हिंदू धर्म के सबसे प्रतिष्ठित देवताओं में से एक के साथ इसके जुड़ाव को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने आस्था के तहत द्वारका नगरी को मोर पंख भी अर्पित किए। प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में द्वारका में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो मैंने अनुभव किया, वो हमेशा मेरे साथ रहेगा। मैं समुद्र के भीतर गया और प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन किए। पुरातत्वविदों ने द्वारका के बारे में काफी कुछ लिखा है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी बताया गया है कि द्वारका में ऊंची ऊंची इमारतें थी और सुंदर दरवाजे थे। समुद्र के भीतर मैंने दिव्यता का अनुभव किया। मैंने द्वारकाधीश के सामने शीश झुकाया। मैं मोर के पंख भी अपने साथ लेकर गया था और उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित किया। मैं हमेशा से वहां जाने का इच्छुक था और द्वारका नगरी के अवशेषों को छूना चाहता था, आज मैं भावुक हूं क्योंकि मेरा दशकों पुराना सपना पूरा हो गया है।

## राहुल गांधी के आगरा आने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, इस बड़े नेता ने दिया इस्तीफा; भाजपा में हुए शामिल





कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने पार्टी से उस समय इस्तीफा दिया, जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा पहुंचने वाली थी।उत्तर प्रदेश के आगरा में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आगमन से कुछ घंटे पहले ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस खबर के मिलने के बाद कांग्रेसियों में निराशा छा गई। भारतीय जनता पार्टी के ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर रविवार को कांग्रेस नेता उपेंद्र सिंह भाजपा में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को पत्र भेजा। उपेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी में कुछ वर्षों से संवादहीनता की स्थिति बनी हुई है।

जमीनी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। पार्टी में कुशल नेतृत्व का अभाव है। इससे आहत होकर वह कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। पत्र की प्रति कांग्रेस के अखिल भारतीय अध्यक्ष को भी भेजी गई है।

## तीन महीने तक नहीं होगी 'मन की बात', प्रधानमंत्री बोले- 111 नंबर से शुरुआत से अच्छा और क्या होगा

पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जिसमें महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है- प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 110वां एपिसोड है और ऐसा हो सकता है कि देश में मार्च में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाए। पिछले आम चुनाव के समय भी ऐसे ही मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण कुछ महीनों के लिए बंद हो गया था। पीएम मोदी ने कहा कि जब हम अगली बार मिलेंगे तो वो 111वां एपिसोड होगा और यह एक शुभ नंबर है और अगली बार इस नंबर से शुरू करने से अच्छा और क्या होगा।



पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही चुनाव आयोग ने एक और अभियान की शुरुआत की है - मेरा पहला वोट - देश के लिए। इसके जरिए विशेष रूप से first time voters से अधिक-से-अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया गया है। भारत को जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है। हमारे युवा-साथी चुनावी प्रक्रिया में जितनी अधिक भागीदारी करेंगे, इसके नतीजे देश के लिए उतने ही लाभकारी होंगे। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के गांदरबल के मोहम्मद मानशाह द्वारा गोजरी भाषा संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तिरप के बनवंग लोसू जी के वांचो भाषा के प्रसार में योगदान की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के वेंकप्पा अंबाजी सुगेतकर की सराहना करते हुए कहा कि सुगेतकर एक लोक गायक हैं, जिन्होंने 1000 से ज्यादा गोंधली गाने गए हैं। लोक गायन के जरिए वे इस भाषा में कहानियों का खूब प्रचार-प्रसार करते हैं।ऐसे ही एक व्यक्ति हैं - बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश। बिहार में मुसहर एक अत्यंत वंचित समुदाय रहा है। भीम सिंह भवेश इसी समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर फोकस कर रहे हैं। भवेश ने मुसहर जाति के करीब 8 हजार बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया। उन्होंने एक लाइब्रेरी बनवाई, जिसमें बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की बेहतर सुविधा मिल रही है। ऐसे ही एक व्यक्ति हैं - बिहार में भोजपुर के भीम सिंह भवेश। बिहार में मुसहर एक अत्यंत वंचित समुदाय रहा है। भीम सिंह भवेश इसी समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर फोकस कर रहे हैं। भवेश ने मुसहर जाति के करीब 8 हजार बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया। उन्होंने एक लाइब्रेरी बनवाई, जिसमें बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की बेहतर सुविधा मिल रही है। भीम सिंह समुदाय के सदस्यों के जरूरी दस्तावेज बनवाने और उन्हें जागरुक करने में भी मदद करते हैं। उन्होंने समुदाय के लोगों के लिए 100 से ज्यादा मेडिकल कैंप लगवाए हैं और कोरोना महामारी के दौर में क्षेत्र के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।प्रधानमंत्री ने मन की बात में बताया ओडिशा के कालाहांडी में बकरी पालन, गांव के लोगों की आजीविका के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को ऊपर लाने का भी एक बड़ा माध्यम बन रहा है। इस प्रयास के पीछे जयंती महापात्रा और उनके पति बीरे साहू जी का एक बड़ा फैसला है। ये दोनों बेंगलुरु में मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स थे, लेकिन इन्होंने ब्रेक लेकर कालाहांडी के सालेभाटा गांव आने का फैसला किया। इन दोनों ने माणिकास्तु एग्रो की स्थापना की और किसानों के साथ काम शुरू किया। इन दंपति ने माणिकास्तु गोट बैंक भी खोला है। ये सामुदायिक स्तर पर बकरी पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। माणिकास्तु गोट बैंक ने किसानों के लिए एक पूरा सिस्टम तैयार किया है। पीएम मोदी ने कहा 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस है। इस दिन को वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष World Wild Life Day की थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार के प्रयासों से देश में बाघों की संख्या बढ़ी है। पीएम ने कहा कि आज युवा उद्यमी भी वन्य जीव के लिए नए-नए इनोवेशन कर रहे हैं। एक युवा ने ऐसा ड्रोन तैयार किया है, जिससे नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है। एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर भी काम हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में हमारे देश की जैव विविधता समृद्ध हो रही है। हमारे देश में प्रकृति और वन्य जीवों के साथ सह-अस्तित्व के साथ रहते आए हैं। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति की चर्चा की और कहा कि कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी। लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। आज गांव-गांव में ड्रोन दीदी की चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सीतापुर की एक नमो ड्रोन दीदी से बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा मिशन लखपति दीदी बनाने का है। आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जिसमें महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है- प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता।

## सीएम योगी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र: पेपर लीक पर बोले- युवाओं के साथ 'पाप' करने वाले न घर के रहेंगे न घाट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी चुनौती दी है। पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सीएम योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी। रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 1800 पदों पर निष्पक्ष और परदर्शी ढंग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है। पहले दिन से ही हमने तय किया है कि



युवाओं के जीवन और भविष्य के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा हम जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर उन तत्वों से उतनी ही सख्ती और कठोरतम तरीके से निपटने का काम करेंगे। हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सरकार पहले भी कार्रवाई करती रही है और एक बार फिर कड़ी कार्रवाई करने जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं। इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सरकार की शीर्ष प्राथमिकता- मुख्यमंत्री ने अलग अलग विभगों में चयनित युवाओं को प्रदेश की सेवाओं में आने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का विजन ही डबल इंजन सरकार का मिशन भी है। निष्पक्षता और पारदर्शी तरीके से हर नौजवान को उसका अधिकार प्राप्त हो सके, सरकार इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उसी का परिणाम है कि पिछले 7 साल में 6 लाख से अधिक युवाओं को अब तक प्रदेश के शासकीय विभागों में नौकरियां प्रदान की गई हैं। नियुक्ति की प्रक्रिया सभी आयोगों और बोर्डों के माध्यम से निरंतर जारी है। एक तरफ सरकारी विभागों में पूरी सुचिता और पारदर्शिता पूर्ण तरीके से नियुक्ति की प्रक्रिया को संपन्न किया जा रहा है, वहीं नौकरी और रोजगार की नई संभावनाओं के लिए जो प्रयास प्रारंभ किये गये हैं उनके सार्थक परिणाम हमें देखने को मिल रहे हैं।34 लाख युवाओं को रोजगार देगा 10 लाख करोड़ का निवेश- सीएम योगी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान मिले 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 2024 के दौरान 10 लाख 24 हजार करोड़ के निवेश के शिलान्यास को प्रदेश की बदलती तस्वीर के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा कि इन निवेशों की वजह से प्रदेश के 34 लाख नौजवानों को सीधे सीधे नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे। ये 34 लाख युवा पहले नौकरी और रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र, दिल्ली, बेंगलूरु, तमिलनाडु जाता, मगर आज उसे कहीं जाने की जरूरत नहीं है, उसे अपने जिले और अपने प्रदेश में नौकरी मिल रही है। समय से ऑफिस आएं, ईमानदारी से करें काम, नियुक्ति मिलना मंजिल नहीं केवल पड़ाव है -सीएम योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों से अपील की कि वे ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रदेश और देश के विकास पर अपना फोकस रखें। साथ ही गरीबों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के साथ ही जवाबदेही व जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको बिना भेदभाव के नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है तो इसी भाव के साथ आप राज्य के विकास में अपना योगदान दें। आप समय से अपने कार्यालय पहुंचे, समय से कार्यों को पूरा करें। किसी भी फाइल को पेंडिंग ना छोड़ें। अक्सर टालमटोल के कारण कार्य का ढेर जमा हो जाता है और समय पर पूरा नहीं होता। धीरे धीरे पूरी कार्यप्रणाली अपने ट्रैक से उतरने लगती है। ऐसे लोगों को बाद में अनुशासनात्मक कार्रवाई भी झेलनी पड़ती है। आप अपने माता-पिता, गुरुओं और दोस्तों, शुभचिंतकों के प्रेम व आशीर्वाद से इस पड़ाव तक पहुंचे हैं। आपने अभी एक पड़ाव पूरा

## संपादकीय Editorial

# 'India' on PM's target

Of course, Nitish Kumar's joining BJP may not have a major impact on national politics, because his politics has been limited to Bihar only, but he can change the concept of politics. The concept of an opposition alliance that could have been formed across the country may now disintegrate. In other words, it is on the verge of disintegration. Targeting Prime Minister Modi, Nitish himself had called upon the opposition that if they fight the elections unitedly, BJP can be restricted to 100 seats. Although this call was also an exaggeration, Nitish himself had appealed as the anchor that no opposition alliance can prove to be effective without making Congress the pivot, because it is the largest party in the opposition and its comprehensiveness is also undoubted. He continued his efforts to build a common platform by meeting everyone from Sonia-Rahul Gandhi, Mallikarjun Kharge to Mamata Banerjee, Kejriwal, Naveen Patnaik, Chandrashekhar Rao, Akhilesh Yadav and Left leaders.

In fact, the opposition alliance 'India' is the result of Nitish's political efforts. It is true that he did not agree with this nomenclature. The question is, why was the person who till yesterday was the leader of the opposition, not even made the coordinator of the alliance? Was Nitish marginalized due to disagreements on the issue of caste enumeration and contradictions in reservation? Neither did he have the desire to become Prime Minister nor was his party big enough to claim the post of Prime Minister. In fact, the contradictions which deepened between the Congress and the socialist parties in the 1970s are still present, although the Congress has been supporting the governments of these parties for the last few decades. Today, the opposition is forced to form an alliance with their support and cooperation.

Even in India, Congress is doing politics of strengthening itself by riding on the shoulders of regional parties. As a result, Mamata Banerjee, Kejriwal have given statements of not forming an alliance and Nitish Kumar has changed sides and gone with BJP.

In Uttar Pradesh, SP President Akhilesh Yadav had announced to give 11 seats to Congress, but Congress is still adamant on taking 16 seats and is terming the announcement of SP President as 'immature'. However, the notion of alliance that was being formed across the country has definitely been shattered after Nitish Kumar changed sides.

The election strategy of Prime Minister Modi and BJP is different. In fact, 'India' has been the target of Prime Minister Modi, so that 'Modi versus the common face of the opposition' elections cannot be held. Inside sources claim that between September and January, there were 9 talks between the Prime Minister and Nitish.

The Prime Minister had formally spoken to Nitish thrice. Obviously, apart from changing sides, there must have been talk about disintegrating the opposition alliance! 'India' has not yet been solidified as an alliance, but as per the Prime Minister's strategy, BJP is including even the smallest parties, so that the holes and gaps that remain at the caste and regional level can be filled.

Can go and be elected Prime Minister of NDA for the third consecutive time. Nitish Kumar has been a strong leader of the 'Lower-OBC' community. He also has the support of a section of Dalits. BJP wants to cultivate this class.

# Vigilance: Fencing is necessary on Myanmar border to curb China

When the army carried out a coup in Myanmar on February 1, 2021, India adopted a cautious approach. India had supported the junta diplomatically and indirectly, while refraining from openly supporting the democratic forces led by Aung San Suu Kyi, which has now put it in a dilemma. India faces the challenge of curbing China, which is dangerous because it supports some ethnic groups. Due to the influx of refugees and rebels from across the border due to the ongoing civil war in Myanmar, the Indian government has decided to fence the Myanmar border, so that the free movement system like the Bangladesh border is ended. In September 2023, Manipur Chief Minister Biren Singh had requested the Union Home Minister to stop infiltration of suspicious elements and refugees. Due to the turmoil and violence in Myanmar, more than 6,000 refugees have taken shelter in Manipur since last December and they are being provided food by the state government. Manipur shares a 398 km long border with Myanmar. Once the fencing process is completed, the free movement regime (FMR) introduced in 1970 will end. But the problem is that Mizoram Chief Minister Lalduhoma has opposed the fencing and has requested Prime Minister Narendra Modi and External Affairs Minister S Jaishankar in this regard. More than 38,500 people from Myanmar have taken refuge in Mizoram since the military coup in February, 2021, increasing the burden on the state administration. More than 500 Myanmar soldiers had crossed into Mizoram after the ethnic Akram Army (AA) captured military camps in western parts of Rakhine state. India's north-eastern states, including Manipur, Mizoram, Arunachal Pradesh and Nagaland, share a 1,643 km long open mountainous border with Myanmar, posing security problems and requiring preventive measures. Given Maldivian President Mohammed Muizzu's close relationship with China, India has been given the opportunity to help Myanmar in the name of the Belt and Road Initiative (BRI), besides supporting rebels in the border areas by brokering peace between warring groups and army generals in violence-hit Myanmar. To protect it from the Chinese strategy of coming closer, there is a need to develop a realistic strategic blueprint in line with the policy of 'neighbourhood first'. When the army carried out a coup in Myanmar on February 1, 2021, India adopted a cautious approach. India had supported the junta diplomatically and indirectly, while refraining from openly supporting the democratic forces led by Aung San Suu Kyi, which has now put it in a dilemma. India faces the challenge of curbing China, which is dangerous because it supports some ethnic groups. In this complex scenario, Operation 1027 was launched in December 2023 by 'The Three Brotherhood Alliance', comprising Ta'ang National Liberation Army, AA and Myanmar National Democratic Alliance Army, which toppled the junta. The offensive against the junta had dealt it a devastating blow, forcing China to support it. 'The Three Brotherhood Alliance' had captured key roads and military posts, affecting the cash-strapped junta's revenues and hindering its movement. Reports indicate that the AA launched a offensive against the army at its base in Rakhine state on the west coast following the surprise attacks on Shan State. It was a coordinated effort by the rebels spanning Kayah state bordering Thailand in the east and Sagaing region and Chin province bordering India. This was a violation of a year-long ceasefire between armed groups and the junta. This bold move threatens the military's control over China's important trade routes, which will affect its interests. The alliance has succeeded in isolating the junta from a part of the country through which 40 percent of Myanmar's bilateral border trade with China passes; Nearly one billion dollars is traded in piped natural gas to China. India will have to reconsider its previous position towards Myanmar before it threatens its interests. India believes that the US should take advantage of the opportunity to enhance relations with Myanmar and work with India to reduce the humanitarian crisis, thereby supporting anti-junta forces and establishing federal democracy. India has tried to maintain an equal distance from the military and pro-democracy political parties to ensure that the junta does not side with China. The armed rebellion of ethnic organizations has dealt a diplomatic blow to the exposed military generals, which will have a direct impact on China. The Ukraine war came as a boon for the junta, as the US and the EU were engaged in it. Hamas' attack on Israel has diverted the attention of Western powers from Myanmar, but the attack by armed groups could change the entire scenario. The National Unity Government (NUG), formed by opposition lawmakers in Myanmar, is considered close to the West, which is feeling emboldened after the successful offensive by armed groups. China has urged Myanmar to restore stability on the border, while the junta's conflict with armed groups has intensified. some time ago Janayik is surprised by the 'dual policy' adopted by China, which is actively supporting militant groups. The United Wa State Army (UWSA) in Myanmar's northeastern Shan state receives arms and political support from China. The Myanmar regime has rejected the five-point consensus agreement adopted in Jakarta on April 24, 2021. This included the prevention of violence in Myanmar, the visit of a special envoy and talks between all stakeholders. Military generals have chosen to ignore ASEAN peace initiatives, which have stalled. The West is pressuring ASEAN to isolate Myanmar's junta.

# The challenge of inequality is increasing towards reaching the heights of development

Workers have less income to save and invest, further exacerbating inequality. UNDP also says that the most vulnerable people include people working in the informal sector (especially women). At the same time, inequality has increased further due to corruption, weak tax policy and administration as well as lack of effective social security. Despite growing global challenges and economic uncertainty, India is in a good position. Some people may be excited about the future. But we should not underestimate the obstacles and challenges that come along the way. This can be India's decade or India's century only when there is rapid improvement in the quality of life of all Indians, equality of opportunities and adequate skills to take advantage of those opportunities. There are some challenges to reach the heights of development, which need to be addressed. The first challenge is that India's success story is uneven. Many Indians are certainly in a better situation today than they were years ago, but millions of people are still fighting for their survival. The United Nations Development Programme's 2024 report 'Making Our Future - New Directions for Human Development in Asia and the Pacific' states that 'Looking at the share of the top 10 per cent of people in wealth, Thailand, China, Myanmar, India and Sri Lanka are the countries with the highest economic inequality. The report notes that 'Globalization and technological progress have created new opportunities for some groups, while leaving others behind. As a result, capitalists generally get a larger share of the national income.' Now take International Labor Organization data, which shows that workers' income shares in Asia and the Pacific are lower than the global average. As a result, workers have less income to save and invest, further exacerbating inequality. UNDP also says that the most vulnerable people include people working in the informal sector (especially women). At the same time, inequality has increased further due to corruption, weak tax policy and administration as well as lack of effective social security. Now if we see where India stands in this, according to the UNDP report, in recent decades India has significantly improved the standard of living and poverty has reduced significantly, but inequality is increasing. . According to the report, 'Between 2000 and 2022, per capita income will increase from $442 to $2,389. And between 2004 and 2019, the poverty rate (based on the international poverty measure of $2.15 per day) fell from 40 to 10 percent. Furthermore, the share of the population living in multidimensional poverty fell from 25 to 15 per cent between 2015-16 and 2019-21. Despite these successes, poverty continues to be concentrated in states where 45 percent of the country's population lives, and where 62 percent of people are poor. Groups just above the poverty line are also in a very vulnerable situation and are at risk of slipping back into poverty. These include women, informal workers and interstate migrants. According to the report, the top 10 per cent of the population gets 57 per cent of the national income and the top 1 per cent of the population gets 22 per cent, which clearly shows the unequal distribution of income. Another big challenge is to bridge the gender divide, as women constitute only 23 percent of the labor force. There are many reasons for this. As the recently released Annual Status of Education Report (ASER) 2023 shows, girls are keen to study and aspire to higher education, but there are still many structural barriers that prevent them from realizing their full potential. This is a very worrying picture, which appears differently in different districts and states. Work should also be done on improving basic financial inequality, so that the lives of people from the lower strata can be enriched and they too can be entitled to live a better life. If we want India to develop to its full potential and create new steps of success every day, then it is very important for both the Center and the State to implement these things and take steps in this direction.Now if we see where India stands in this, according to the UNDP report, in recent decades India has significantly improved the standard of living and poverty has reduced significantly, but inequality is increasing. . According to the report, 'Between 2000 and 2022, per capita income will increase from $442 to $2,389. And between 2004 and 2019, the poverty rate (based on the international poverty measure of $2.15 per day) fell from 40 to 10 percent. Furthermore, the share of the population living in multidimensional poverty fell from 25 to 15 per cent between 2015-16 and 2019-21. Despite these successes, poverty continues to be concentrated in states where 45 percent of the country's population lives, and where 62 percent of people are poor. Groups just above the poverty line are also in a very vulnerable situation and are at risk of slipping back into poverty. These include women, informal workers and interstate migrants. According to the report, the top 10 per cent of the population gets 57 per cent of the national income and the top 1 per cent of the population gets 22 per cent, which clearly shows the unequal distribution of income.

## एमएसपी को देंगे कानूनी दर्जा, न्याय यात्रा का यूपी में असर, राहुल के वाराणसी पर बयान पर दी सफाई



मुरादाबाद-अमरोहा में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि अगर गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा का यूपी में में बड़ा असर दिखा है। राहुल और प्रियंका के सिपाही भर्ती पेपर लीक मामला उठाने के बाद सरकार को इसे रद्द करना पड़ा। कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ शनिवार को अमरोहा पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि अगर गठबंधन (इंडिया) की सरकार बनी तो किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाया जाएगा। एमएसपी को कानूनी दर्जा देंगे।

अमरोहा में कांग्रेस नेता अविनाश पांडे और अजय राय के साथ प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि एमएसपी का मतलब मोदी सेलिंग प्राइस नहीं है, बल्कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस है। हम पश्चिमी यूपी में हैं और किसानों के मुद्दे यहां विशेष स्थान रखते हैं। कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी एमएसपी पर कानून की बात कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह और डॉ. स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर सारा श्रेय अपने सिर ले लिया लेकिन दोनों ने जो किसानों के मुद्दे उठाए थे, उनपर व एमएसपी पर मोदी सरकार कुछ नहीं बोलती है। जयराम रमेश ने बोले कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने कहा है कि खेतों में लागत का विस्तृत रूप से अनुमान लगाया जाएगा, उसके डेढ़ गुना स्तर पर एमएसपी लागू करेंगे। एमएसपी के लिए लोकसभा और राज्यसभा में विशेष कानून पारित किया जाएगा। वाराणसी पर बयान पर दी सफाई -राहुल गांधी द्वारा वाराणसी के युवाओं को नशेड़ी कहने वाले सवाल पर कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि हमारा नौजवान पढ़-लिखकर बेरोजगार है, परेशान हैं। वह अवसाद में है। वहीं राहुल गांधी ने कहा था कि बच्चे परेशान और अवसाद में है। राहुल गांधी ने इसका जिक्र किया है कि देश का नौजवान किस परिस्थितियों से गुजर रहा है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का असर है पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होना- जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पेपर लीक का जो मुद्दा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने उठाया था। परीक्षा रद्द करने के निर्णय से उसका असर देखने को मिल गया है। करीब 50 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। पेपर लीक को लेकर उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर रहता है। कहा, हम दानिश अली का स्वागत करते हैं- कांग्रेस नेता अविनाश पांडे ने अमरोहा के सांसद दानिश अली से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम उनका स्वागत करते हैं। दानिश अली के विरोध पर कहा कि ये भारत जोड़ो न्याय यात्रा है। इसमें दानिश अली ने स्वागत किया है, इसलिए उनका स्वागत। इस यात्रा का अन्य कई दलों के सांसदों ने भी स्वागत किया है। अमरोहा लोकसभा से प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश और नेशनल चयन कमेटी द्वारा प्रत्याशियों के नाम बहुत जल्दी घोषित किए जाएंगे। बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में आज भी बीएसपी का स्वागत है। सलमान खुर्शीद के चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि वह भावनात्मक व्यक्ति हैं। वह कट्टर कांग्रेसी हैं।

## एक माह बाद होने थी शादी, बरात घर में लटका मिला युवक का शव, तैयारी में जुटे परिजन देख बेहोश हुए

मुरादाबाद-गुन्नौर के सराय स्थित एक बरात घर में युवक का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि युवक की एक माह बाद शादी होने वाली थी। गुन्नौर के मोहल्ला सराय में घर से निकले विपिन (20) का शव रविवार सुबह बरात घर में लटका मिला है। युवक की मौत से परिवार में चीख पुकार मची है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने किसी भी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है। गुन्नौर के मोहल्ला सराय निवासी विपिन शनिवार की दोपहर घर से कस्बे में गया था। देररात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह मोहल्ले के लोगों ने नवीन प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय के नजदीक बने बरात घर में उसका शव चैनल गेट पर साड़ी के कपड़े के फंदे पर लटका देखा। जिसकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। इसी बीच युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। युवक के परिजन किसी भी तरह के विवाद और रंजिश से इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है। परिवार वालों के अनुसार युवक का अगले महीने शादी होने वाली थी। वह कस्बे में मजदूरी करता था।

## मुरादाबाद में बुजुर्ग की जमीन पर मुनीर नाम के व्यक्ति ने किया



क्यूँ न लिखूँ सच
अजहर अली

मुरादाबाद जनपद के मझोला थाना क्षेत्र के पीर के बाजार स्थित नाले के पास मोहम्मद यूसुफ की जमीन पर मुनीर नाम के व्यक्ति ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया, और कब्जा करने के बाद उस जमीन का भूमि पूजन कर दिया, बताते चले ये मुस्लिम आबादी वाला क्षेत्र है, ऐसे में क्षेत्रवासियों में आक्रोश है, राष्ट्रीय योगी सेना के पदाधिकारी ने पहुंच कर भूमि पूजन किया, और उसके बाद जय श्री राम के नारे भी लगाए, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है,

इसके बाद जमीन के मलिक मोहम्मद यूसुफ ने इसकी सूचना पुलिस को दी जयंतीपुर पुलिस ने पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया है

## प्रधान पति से चार बच्चों की मां का इश्क, थाने पहुंच गया मामला... दोनों बोले- एक दूसरे के साथ रहेंगे

मुरादाबाद-रामपुर में चार बच्चों की मां प्रधान पति के साथ चली गई। इसके बाद यह मामला पुलिस के पास पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच हुई पंचायत में महिला ने कहा कि वह प्रेमी के साथ ही रहेगी। दोनों को समझाने की कोशिश हो रही है मिलक में चार बच्चों की मां गांव की प्रधान के पति के साथ भाग गई। महिला के पति ने पुलिस से शिकायत की तो दोनों ही थाने पहुंच गए, जहां महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्ष समझौता कराने में जुटे हैं। घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। गांव निवासी महिला गांव की प्रधान हैं। उसके पति का तहेरी भाभी से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसको लेकर दो बार पंचायत भी हुई थी लेकिन दोनों नहीं माने। बृहस्पतिवार की रात चार बच्चों की मां प्रधान के पति के साथ भाग गई। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी की बरामदगी और अपने चचेरे भाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। शनिवार को महिला अपने प्रेमी के साथ कोतवाली जा पहुंची। सूचना पर महिला और उसके प्रेमी के परिजन और अन्य रिश्तेदार भी कोतवाली पहुंचे। पति भी बच्चों को लेकर महिला के पास पहुंचा। महिला लगातार अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। परिजनों के समझाने के बावजूद भी महिला नहीं मानी। रात तक थाने में पंचायत होती रही। कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि महिला और उसके प्रेमी के साथ घर वालों की बातचीत चल रही है। समझौता न होने पर तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## हम बालिग हैं कर ली शादी...कोर्ट मैरिज कर थाने पहुंचा प्रेमी युगल, पुलिस बोली- खुश रहो और घर जाओ

मुरादाबाद-डिडौली में एक माह पहले घर से गायब युवक कोर्ट मैरिज करने के बाद कोतवाली पहुंच गया। दोनों ने पुलिस को बताया कि वह बालिग हैं। इसके बाद उन्हें पुलिस ने घर भेज दिया। करीब एक माह पहले घर से लापता हुआ युवक रिश्ते की मौसी से कोर्ट मैरिज करने के बाद डिडौली कोतवाली पहुंच गया। दोनों ने खुद को बालिग बताया और शादी करने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने दोनों को घर भेज दिया है। यह मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां रहने वाले युवक की पड़ोस के गांव में रिश्तेदारी है। रिश्तेदारी में आने जाने के दौरान रिश्ते की मौसी से युवक का प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। करीब दो साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने एक साथ जीने-मरने की कसम खा रखी थी। लेकिन, युवती के परिजन इसके खिलाफ थे। लिहाजा करीब एक महीने पहले रिश्ते की मौसी को लेकर युवक फरार हो गया। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इस बीच शनिवार की शाम प्रेमी युगल डिडौली कोतवाली पहुंच गया। यहां पुलिस को बताया कि दोनों बालिग हैं और उन्होंने 19 फरवरी को गाजियाबाद की अदालत में कोर्ट मैरिज कर ली है। इसके बाद मंदिर में परंपरागत तरीके से फेरे लिए हैं। पुलिस के मांगने पर दोनों ने अपने शादी से संबंधित प्रमाण पत्र दिखाए। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी, इसलिए पुलिस ने दोनों को घर भेज दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि प्रेमी युगल ने खुद को बालिग बताते हुए शादी करने की बात कही है, इस मामले में कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं थी, इसलिए दोनों को घर भेज दिया गया है।

## मौत पर भारी पड़ी जिंदगी...नवजात बच्ची को मरने के लिए नाले में फेंका, फरिश्ता बनी मीनाक्षी ने बचाया



मुरादाबाद- मझोला थाने इलाके के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बीती शुक्रवार को नवजात बच्ची को मरने के लिए नाले के पाइप में फेंक दिया। फेंकने वाले को ये उम्मीद थी की एक या दो घंटे में नवजात की मौत हो जाएगी। लेकिन यहां मौत पर जिंदगी हावी रही। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वहां से गुजर रही मिनाक्षी नाम की महिला नवजात बच्ची के लिए फरिश्ता बनी। मिनाक्षी ने देखा की रिलायंस पेट्रोल पंप के पास नवजात एक नाले के पाइप में फंसी हुई है। मिनाक्षी ने पाइप से बच्ची को निकाला और इसकी सूचना पुलिस को दी। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही मझोला पुलिस मौके पर पहुंच गई और बच्चे को थाने ले आई। इसके बाद पुलिस ने बाल कल्याण की सुपुर्दगी में बच्ची को दे दिया। बाल कल्याण विभाग की टीम ने मासूम को जिला महिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां, डॉक्टर्स की देखरेख में बच्ची का उपचार कराया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के दो दिन बाद रविवार दोपहर बाल कल्याण सदसस्य हरिमोहन गुप्ता और बाल कल्याण समिति की सदस्य बबिता विश्नोई महिला चिकित्सालय पहुंचीं और बच्ची का हालचाल जाना। हरिमोहन गुप्ता ने बताया की शुक्रवार रात मझोला इलाके के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पाइप के अंदर से बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी। तभी वहां से जॉब से फ्री होकर अपने घर जा रही मीनाक्षी नाम की महिला ने उसके रोने की आवाज सुनी और वो वहां रुक गई। फिर बच्ची को पाइप से निकाला। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इस बच्ची को बाल कल्याण विभाग के हवाले कर दिया। जिसके बाद बाल कल्याण ने बच्ची को महिला जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। रविवार को बच्ची को देखने के लिए हम लोग आए थे की बच्ची का स्वास्थ्य कैसा है। उन्होंने बताया कि बच्ची बिल्कुल ठीक है और अभी तक इसके माता-पिता का कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि अगर दो माह तक इसके माता-पिता का पता चल जाता है। तो कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को उनकी सुपुर्दगी में दे दिया जाएगा। अन्यथा दो माह तक बच्ची को बाल कल्याण विभाग के शिशु गृह में देखरेख की जाएगी। दो माह तक लीगल फ्री करने के बाद बच्ची को एडॉप्शन के लिए दे दिया जाएगा।

## माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर करणी सेना ने की खारुन गंगा महाआरती



क्यूँ न लिखूँ सच

रायपुर - महादेव घाट रायपुर माघी पूर्णिमा की संध्या को दीपकों की रौशनी से जगमगा उठा जब करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष एवं माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में एक बार पुन: रायपुर के महादेव घाट पर पूर्णिमा की संध्या पर बनारस घाट की तर्ज पर खारुन गंगा महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बृहद संख्या में शहर भर के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। खारुन गंगा मैया की यह महाआरती गत एक वर्ष से निरंतर प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या पर होती आ रही है जिसमें हजारों की संख्या में शहर भर के श्रद्धालु सम्मिलित होकर दीपदान कर पुण्य प्राप्त करते हैं। बीते दिसंबर इस महाआरती का वार्षिकोत्सव अत्यंत गरिमामय रूप से संपन्न हुआ जिसमें 108 ब्राह्मणों द्वारा आरती कर विश्व कीर्तिमान रचा गया। इस बार भी प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा संपूर्ण विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ आरती संपन्न हुई। सभी आगंतुकों ने खारुन एवं भारत की सभी नदियों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। निरंतर एक वर्ष से खारुन आरती देश भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनती जा रही है

जिससे प्रेरणा लेकर देश भर में अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं। खारुन गंगा आरती समिति के प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के अनुसार यह आरती सनातनी हिंदुओं के लिए एकजुट होकर देश समाज एवं प्रकृति के प्रति अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## पराली प्रबंधन यंत्र खरीद के लिए सरकार देगी 50 प्रतिशत अनुदान, ऑनलाइन आवेदक का ई-लाटरी से होगा चयन

मुरादाबाद- पराली न जलाने को लेकर दिए निर्देश के बाद भी जलाई जा रही पराली के प्रबंधन यंत्र को खरीदने के लिए सरकार ने योजना का आरंभ किया है। विभागीय दर्शन पोर्टल पर जारी वेबसाइट पर योजना के लाभार्थी किसानों को 28 फरवरी की दोपहर तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सरकार ने प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू सीआर एम योजना के तहत 2024-25 में लाभार्थियों के फसल अवशेष प्रबंधन वाले यंत्र को खरीदने के निर्धारित धनराशि में अनुदान देने की घोषणा की है। शनिवार को उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि सरकार ने किसानों के खेत से निकलने वाली पराली के प्रबंधन के लिए योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत पराली प्रबंधन यंत्र को खरीदने पर सरकार 50 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। योजना के अंतर्गत कृषक और एफपीओ आवेदन कर लाभ ले सकेंगे। यंत्र के लिए विभाग की ओर से जारी वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर आवेदन करने वाले किसान को जमानत राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी। लक्ष्य के अवशेष न रहने एवं ई लाटरी से चयन न होने पर जमानत राशि वापस कर दी जाएगी। चयनित आवेदकों को यंत्र खरीद के बाद यंत्र की खरीद की रसीद की फोटो व संबंधित अभिलेख 10 दिन में विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। इसमें योजना के लाभ के लिए ई लाटरी की व्यवस्था की गई है। जिसमें ई लाटरी के लिए कार्यक्रम स्थल समय एवं तिथि की जानकारी उप कृषि निदेशक के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। लक्ष्य से अधिक आवेदन आने की दशा में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता गठित की गई कमेटी के समक्ष ई लाटरी से आवेदक का चयन होगा। इसमें इन सीटू प्रबंधन के भीतर खेत में पराली का निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये हैं। जिसमें यंत्रों से क्रॉप रीपर, रीपर मॉडल, बैलर,एमबी पलाओ ,सुपर सीटर यंत्रों से पराली को खेत में ही नष्ट किया जा सकेगा।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# विद्यासागरमहाराज का विनयांजलि कार्यक्रम संपूर्ण विश्व में एक ही दिन,एक ही समय संपन्न हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।चंद्रगिरी तीर्थ, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ से समतापूर्वक समाधि मरण ले चुके विश्व प्रसिद्ध संत, संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का विनयांजलि कार्यक्रम संपूर्ण विश्व में एक ही दिन, एक ही समय संपन्न हुआ, जैन मंदिर में शहर के जनप्रतिनिधि गण, व्यापारिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोग पहुंचे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने महाराज श्री, जैन धर्म और मुनि चर्या को लेकर एक प्रेजेंटेशन बड़ी स्क्रीन पर प्रस्तुत किया, गुरुवर की चर्या को देखकर उपस्थित जन भाव विभोर हो गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद संतोष गंगवार ने इस अवसर पर कहा कि आचार्य श्री ने जैन धर्म की सीमाओं को पार कर हथकरघा, गौ सेवा, दुग्ध क्रांति, स्त्री शिक्षा, आडंबरों का त्याग, स्वरोजगार, युवाओं में आध्यात्मिक चेतना, चिकित्सा क्षेत्र, कौशल विकास, हिंदी भाषा के उत्थान आदि के लिए जीवन भर कार्य किया, उनकी प्रेरणा का परिणाम प्रधानमंत्री की योजनाओं में भी दिखता है। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल जी ने कहा कि वर्तमान में 2550 वें भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के वर्ष में समाधिस्थ हुए आचार्य श्री




वर्तमान के वर्धमान हैं, उनकी कठिन जैनेश्वरी दीक्षा व तप ने जन-जन के मन में उनके लिए उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कराया है। कैंट के विधायक संजीव अग्रवाल जी और आईएमए अध्यक्ष डॉ राजीव गोयल ने कहा कि महाराज श्री का भारतीय संस्कृति की ओर लौटो व इंडिया नहीं भारत बोलो का नारा अनंत काल तक इस पृथ्वी पर गुंजायमान रहने वाला है। पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने कहा कि भारत विश्व गुरु ऐसे ही संतों की सामाजिक, आध्यात्मिक प्रेरणा से बनने जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि भारत में कई अक्रांताओं ने संस्कृति पर प्रहार किए, किंतु ऐसे ही संतो ने धर्म ध्वजा को थामें रखा, जिससे हमारी संस्कृति की जीवंतता भी बनी रही और भारत का उत्थान भी हुआ। जैन समाज के वक्ताओं ने कहा कि गुरु परंपरा में मृत्यु महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जैन समाज ने एक स्वर में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आचार्य श्री के लिए % भारत रत्न 'दिए जाने की मांग सरकार से की है। विनयांजलि कार्यक्रम में, पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मति रश्मि पटेल, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, आईएमए अध्यक्ष डॉ राजीव गोयल, विधायक संजीव अग्रवाल, विकास मल्होत्रा, गीत सेठी, राजेंद्र गुप्ता राजू, दर्शन लाल भाटिया, मोहन लाल सेठी, विवेक कक्कड़, चंद्र मोहन अरोड़ा, समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, ट्रस्ट के अध्यक्ष वी.के. जैन, सचिव प्रकाश चंद्र जैन, मीडिया प्रभारी सौरभ जैन, सत्येंद्र जैन, भूपेंद्र जैन, सुनील जैन, अतुल जैन, राजकुमार जैन, लवी जैन, सुमन अरोड़ा जी सहित सैकड़ों लोगों ने आचार्य श्री विद्यासागर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का कुशल संचालन सौरभ जैन और एड. सतेंद्र कुमार जैन ने किया।

# अवैध क्लिनिकों की मनमानी गरीबों की लूट जिला प्रशासन देख रहा बनकर धृतराष्ट्र-जय सिंह राजू

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी - मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश महासचिव जय सिंह राजू ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित गांव में अवैध क्लीनिको की भरमार है। ऐसे क्लीनिक संचालकों के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से ये क्लीनिक धड़ल्ले से चल रहे हैं। गंभीर बात तो यह है कि स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन द्वारा करीब तीन दर्जन क्लीनिकों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत ही आवेदन स्वीकार कर क्लीनिक या अस्पताल चलाने की अनुमति दी है। मगर शहर से गांव तक सैकड़ा से ज्यादा अवैध



क्लीनिक संचालित है। उन्होने कहा कि झोलाछाप डॉक्टरों की ये क्लीनिक ग्राम व छोटे कस्बों में मनमानी दवाएं करके मरीजों से जमकर पैसे वसूल रहे हैं। राजू ने कहा कि सीएमएचओ कार्यालय में पंजीकृत के अलावा जितने भी नर्सिंगहोम, क्लीनिक या पैथोलॉजी सेंटर चल रहे हैं उन्हें मरीजों का इलाज करने का अधिकार नही है। लेकिन फिर भी अवैध क्लीनिक शासन प्रशासन की मेहरबानी से कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होने कहा कि जिले में संचालित अवैध क्लिनिकों पर पाबंदी लगाने के लिए हर वर्ष शासन की ओर से आदेश जारी किए जाते हैं। उस दौरान चंद अवैध क्लीनिक ऊपर कार्यवाही करके जिला व ब्लॉक स्तर के आला अधिकारी कागजी खानापूर्ति की कार्यवाही कर देते हैं जबकि सैकड़ा से ज्यादा की संख्या में जिले में खुलेआम चल रही झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। ऐसे में माना जा सकता है कि प्रशासनिक सांठगांठ के बिना ऐसे क्लिनिको को चलाना संभव नहीं है।

# बीरगंज बाजार चौराहे से पटना जाने वाली रोड पर पाइप फूटने से पी डब्लू डी रोड पर जल भराव होने से आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

ब्लॉक मुख्यालय जमुनहा के बगल में बानी पानी की टंकी के पाइप के द्वारा पानी सप्लाई की जा रही है और कई जगह पर फूटने के कारण पानी बाहर निकाल कर सड़कों पर बह रहा है जिससे आवागमन में परेशानियां हो रही हैं और पानी भरने से पीडब्ल्यूडी के रोड टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गई है जिसकी शिकायत जल निगम विभाग के अधिकारी व कर्मचारी से किया गया लेकिन अभी तक पाइप को सही नहीं



किया गया है और न वहां पर जल निकलने से बंद किया गया है जिससे काफी मत्रा में जल बह रहा है और सड़क पर भर गया है इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारी नजरअंदाज किए हुए हैं

# चांदनी प्रीमियर लीग का हुआ समापन,मां गढ़वतिया चांदनी फाइटर रही विजेता

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर में आईपीएल के तर्ज पर खेले जा रहे चांदनी प्रीमियर लीग 2024 का समापन हो चुका है जिसमें मां गढ़वतिया चांदनी फाइटर की टीम विजेता रही है गायत्व्य हो कि 5 जनवरी से आयोजित हो रहे चांदनी प्रीमियर लीग 2024 आईपीएल की तर्ज पर खेला जा रहा है जिसमें शुरुआत में सभी क्षेत्रीय खिलाड़ियों को नीलामी के माध्यम से लोकल फ्रेंचाइजी द्वारा खिलाड़ियों को खरीदा गया और सभी खिलाड़ियों का बकायदा पंजीयन किया गया और चांदनी प्रीमियर लीग के मैच बिहारपुर के विभिन्न ग्रामों के मैदान में आयोजन किया गया चांदनी प्रीमियर लीग का पहला मैच 5 जनवरी 2024 को अभ्यारण टाइगर्स खोड़ व अमर राइडर्स भैयाथान के बीच ग्राम महुली में खेला गया इसी तरह



खोड़ खैरा मोहरसोप बिहारपुर महुली जनकपुर इत्यादि मैदानों पर सभी लीग मैच संपन्न हुए सीपीएल में कुल 6 टीमों ने भाग लिया

और सभी एक दूसरे के साथ दो-दो मैच खेले और इसी तरह सेमीफाइनल तक खेलते हुए अभ्यारण टाइगर्स खोड़ व मां गढ़वतिया चांदनी फाइटर की टीम फाइनल में पहुंची जिनका फाइनल मुकाबला बिहार पुर के कॉलेज स्टेडियम में 25 फरवरी 2024 को खेला गया जहां अभ्यारण टाइगर्स की टीम ने टॉस जीतकर फाइनल मैच में पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और विपक्षी टीम चांदनी फाइटर टीम ने बेहतरीन खेलों का प्रदर्शन करते हुए 180 रनों का विशाल लक्ष्य दिया जिसमें मां चांदनी फाइटर टीम के कप्तान लक्ष्मण जायसवाल शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 63 रन बनाए 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभ्यारण टाइगर्स की टीम मात्र 125 रन पर ही 12.5 ओवर में ढेर हो गई। चांदनी फाइटर की ओर से संतोष ने सबसे ज्यादा पांच विकेट झटके7 मैंच समापन पर सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज लक्ष्मण जायसवाल को मैन आफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया जिसने पूरे टूर्नामेंट के दौरान 400 से अधिक रन बनाएं व एक शानदार शतक भी लगाया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी संतोष को दिया गया जिन्होंने फाइनल मैच में पांच विकेट झटके इसी प्रकार बेस्ट फील्डर का अवार्ड भीम व बेस्ट बालर का अवार्ड गौतम, बेस्ट विकेटकीपर उदय को प्रदान किया गया।चांदनी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट खिताब एवं बेस्ट कप्तान अवार्ड ईआर. लक्ष्मण जायसवाल के नाम रहा।

मैंच समापन पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सफी अहमद जी द्वारा फाइनल विजेता टीम मां गढ़वतिया चांदनी फाइटर को ट्राफी व एक लाख रुपए का पुरस्कार चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। वही उपविजेता टीम अभ्यारण टाइगर को ट्राफी व 51 हजार रुपए का पुरस्कार चेक के माध्यम से कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मन्नू अग्रवाल के द्वारा प्रदान किया गया। मैं समापन के विशिष्ट अतिथि अमर सिंह जी रहे एवं अतिथि के रूप में मदन जयसवाल बीपी जायसवाल उपेंद्र अग्रहरि शिक्षा विभाग से नारायण शर्मा रामरतन मनहर राजकुमार जायसवाल रामकेश्वर शाहवाल व राजीव मल्होत्रा जी उपस्थित रहे मैच का कमेंट्री उपेंद्र अग्रहरि बीपी जायसवाल एवं सोभनाथ पंडो के द्वारा किया गया वहीं रेफरी की भूमिका में भूपेंद्र अग्रहरि जतिन दुबे तुलेश्वर जायसवाल राजेश जायसवाल व स्कोरर संजय जयसवाल अशर्फी जायसवाल रहे मैच का लाइव प्रसारण भी संजय जायसवाल एवं डहरिया जी के द्वारा यूट्यूब के माध्यम से किया गया।

व्यवस्थापक के रूप में सुनील सूर्य मोहन सिंह मन्नू देवांगन सचिन दुबे आकाश बेस राजेंद्र साहू एवं भीम सिंह के द्वारा कार्य किया गया

